News Coverage of COLOSSEUM-2017

2 दिवसीय नृत्य प्रतियोगिता कोलोसियम की हुई शुरूआत

दीप प्रज्वलित करके प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्यातिथि। (शर्मा)

बराड़ा, 20 अप्रैल (शर्मा): नृत्य वह कला है जिसमें संगीत के साथ हमारे मन के भाव को उजागर किया जाता है जिसकी श्रृंखला को बनाए रखते हुए महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय में 2 दिवसीय नृत्य प्रतियोगिता कोलोसियम-17 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम यूनिवर्सिटी के कुलपति तरसेम कुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष डा. विशाल गर्ग व डीन स्टूडैंट्स वैल्फेयर डा. जे.के. शर्मा के निर्देशानुसार किया गया। इस कार्यक्रम का सम्पूर्ण कार्यभार यूनिवर्सिटी सांस्कृतिक को-ऑर्डिनेटर इंजीनियर करण अग्रवाल ने संभाला। कोलोसियम-17 में 3 तरह के नृत्य जैसे सोलो, डुएट एवं ग्रुप प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि डा. आर.एस. टाडा, डा. सुमित मित्तल व डा. एन. के. बत्तरा के दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रतियोगिताओं के प्रथम दिन डुएट एवं ग्रुप नृत्य की प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगियों ने अपनी कड़ी मेहनत से प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। अंत में इंजीनियर करण अग्रवाल ने प्रतियोगिताओं व दर्शकों का आभार जताया।

सभी आयोजकों ने बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया, जिसमें अभिनव, सुजीत, हिमांशु व सुमन्यु ने मुख्य भूमिका निभाई।

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 21 April 2017
epaper.punjabkesari.in//c/18525978

दो दिवसीय नृत्य प्रतियोगिता कोलोसियम-17 का शुभारंभ

आज समाज नेटवर्क

बराड़ा। नृत्य वह कला है, जिसमे संगीत के साथ हमारे मन के भाव को उजागर किया जाता है। इसी श्रृंखला को बनाए रखते हुए महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना में दो दिवसीय नृत्य प्रतियोगिता कोलोसियम-17 का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम एमएमयू के कुलपति तरसेम कुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ विशाल गर्ग व डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. जेके शर्मा के निर्देशानुसार किया गया। इस कार्यक्रम का सम्पूर्ण कार्यभार विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक को-ऑर्डिनेटर इंजीनियर करण अग्रवाल ने संभाला। कोलोसियम-17 में तीन तरह के नृत्य सोलो, डयूट व ग्रुप प्रतियोगिताए रखी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. आरएस टाडा, डॉ. सुमित मित्तल व डॉ. एनकेबतरा के दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। गुरूवार को दो प्रतियोगिताए डयूट व ग्रुप नृत्य रखे गए, जिसमे विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी बढ़चढ़ कर भाग लिया। अंत इंजीनियर करण अग्रवाल प्रतियोगिओं व दर्शको का तह दिल धन्यवाद किया।

बराड़ा में आयोजित एनएसएस शिविर में मौजूद स्वयंसेवक। आज समाज

Aaj Samaj (21-04-2017)

प्रतियोगिता में उजागर किए मन के भाव

बराड़ा: महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना में दो दिवसीय नृत्य प्रतियोगिता कोलोसियम-17 का बृहस्पतिवार को शुभारंभ हुआ। कोलोसियम-17 में नृत्य सोलो, डयूट व ग्रुप प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आरएस टाडा, डॉ. सुमित मित्तल रहे।

Dainik Jagran (21-04-2017)